चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर

दिनांक 30.8.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-8

# एचएयू की टीचर्स बास्केटबॉल खेलकर बोलीं- फिट है तो हिट है

सिटी रिपोर्टर • एचएयू में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर फीमेल टीचर्स के बीच बास्केटबॉल का सद्भावना मैच खेला गया। इसमें जबरदस्त शूटिंग, पासिंग और ड्रिब्लिंग ने इस खेल को रोमांचित बना दिया। 40 से पार की टीचर्स ने खेल की शुरुआत से जूनियर वर्ग पर दबदबा बनाया।

12-6 से भी जीत हासिल की। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की प्रथम महिला डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. आशा कवात्रा व होम साइंस कॉलेज की डीन डॉ. बिमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर रही। डॉ. संजेश ने खेल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु तनाव से भी मुक्ति मिलती है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों से खेल के महत्व को सांझा करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कम से कम एक खेल को जरूर अपनाएं, ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। इस अवसर पर डॉ. मंजू दहिया, डॉ. मंजू महत्ता, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. अपर्णा, दलजीत गिरधर, किशोर कुमार, दलजीत सिंह, सुंदर पाल मोर, रोहताश आर्य, पशु विज्ञान यूनिवर्सिटी कोच यशवंत सिंह सहित टीचर्स मौजूद रहे।

फीमेल फैकल्टी ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेला बास्केटबॉल मैच





## इन टीमों की बीच हुआ कंपीटिशन

कम्पटीशन सीनियर 40 साल से ऊपर की टीचर्स और जूनियर 40 साल से कम की टीचर्स की टीमों के बीच में हुआ। सीनियर टीचर्स की टीम में किरण, मीना, इंदु चौधरी, ज्योत्सना, जितेश व वीना सांगवान तथा जूनियर टीम में कृष्णा, जयंती, ज्योत्सना व पूनम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। खेल आयोजक रमेश चौधरी मौजूद रहे।

## 2013 से डीएसडब्ल्यू ने की थी इसकी शुरुआत

फैकल्टी ने बास्केटबॉल खेलने की शुरुआत राष्ट्रीय खेल दिवस 2013 से की थी। शुरुआत टीचर्स को फिट रहने के मोटिव से की गई। इसमें टीचर्स ने हर साल पार्टिसिपेट किया।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हरिभूमि......
दिनांक ...30.8.2019... पृष्ठ सं. ....18.... कॉलम ....3-8....

## हकृवि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर सद्भावना मैच का आयोजन

# बॉस्केटबॉल में वरिष्ठ ने कनिष्ठ प्राध्यापकों को हराया

- कहा, स्वस्थ समाज ही देश को आगे बढ़ने में सहायक होता है
- खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु तनाव से भी मुक्ति मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हकृवि में आयोजित सदभावना मैच में भाग लेती महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी।

हकृवि में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबॉल का सद्भावना मैच खेला गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं। जबकि अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. आशा क्वात्रा व गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर थे। डॉ. संजेश ने खेल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विश्वविद्यालय के प्रांगण में खेलों के प्रति रूचि पैदा होती है। खेलने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु तनाव से भी मुक्ति मिलती है। स्वस्थ समाज ही देश को आगे बढ़ने में सहायक होता है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों से खेल के महत्व को सांझा करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कम से कम एक खेल को जरूर अपनाएं ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

इस बास्केटबॉल मैच में वरिष्ठ प्राध्यापकों 40 साल से ऊपर टीम ने कनिष्ठ प्राध्यापकों 40 साल से कम की टीम को 12-6 के अंतर से पराजित किया। डॉ. किरण और डॉ. ज्योत्सना ने कुल 12 में से चार-चार अंक हासिल किए। डॉ. कृष्णा रोलानिया ने 5 अंक प्राप्त किए लेकिन अपनी टीम को जीत की ओर नहीं ले जा सकीं।

इस अवसर पर डॉ. मंजू दहिया, डॉ. मंजू महता, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. अपर्णा, दलजीत गिरधर, किशोर कुमार, दलजीत सिंह, सुंदर पाल मोर, रोहताश आर्य, पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कोच यशवंत सिंह समेत प्राध्यापक मौजूद रहे। वरिष्ठ शिक्षिकाओं में किरण, मीना, इंदु चौधरी, ज्योत्सना, जितेश व वीना सांगवान तथा कनिष्ठ प्राध्यापकों की तरफ से कृष्णा, जयंती, ज्योत्सना व पूनम ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल आयोजक व बास्केटबॉल के प्रभारी रमेश चौधरी ने सभी आंगतुकों का स्वागत व धन्यवाद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला, पंजाब केसरी....
दिनांक ....30.8.2019.... पृष्ठ सं. ....6,5.... कॉलम ....3-4,2....

# वरिष्ठ प्राध्यापकों ने कनिष्ठों को हराया



मुख्य अतिथि डॉ. संजेश सिंह बास्केटबाल खिलाड़ियों के साथ, महिला प्रोफेसरों ने बास्केटबाल मैच खेला।

हिसार (ब्यूरो)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबाल का सद्भावना मैच खेला गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की पत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं, जबकि अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. आशा क्वात्रा, गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर थीं।

बास्केटबाल मैच में वरिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से ऊपर) की टीम ने कनिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से कम) की टीम को 12-6 से पराजित किया। डॉ. किरण और डॉ. ज्योत्स्ना ने 12 में से चार-चार अंक अर्जित किए। इस अवसर पर डॉ. मंजू दहिया, डॉ. मंजू महत्ता, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. अपर्णा, दलजीत गिरधर, किशोर कुमार, दलजीत सिंह, सुंदर पाल मोर, रोहताश आर्य, पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कोच यशवंत सिंह सहित प्राध्यापक मौजूद रहे। वरिष्ठ शिक्षिकाओं में किरण, मीना, इंदु चौधरी, ज्योत्स्ना, जितेश व वीना सांगवान, कनिष्ठों की तरफ से कृष्णा, जयंती, ज्योत्स्ना व पूनम ने बास्केटबाल स्पर्धा में भाग लिया।

# हकृवि में हुआ बास्केबॉल मैच

वहीं ह.कृ.वि. में महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबॉल का सद्भावना मैच खेला गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं जबकि अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डा. आशा कवात्रा व गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर थे।

बास्केटबॉल मैच में वरिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से ऊपर) टीम ने कनिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से कम) की टीम को 12-6 के अंतर से पराजित किया। डॉ. किरण और डॉ. ज्योत्सना ने कुल 12 में से 4-4 अंक हासिल किए। डॉ. कृष्णा रोलानिया ने 5 अंक प्राप्त किए लेकिन अपनी टीम को जीत की ओर नहीं ले जा सकीं।

समाचार-पत्र का नाम नभ छोर
दिनांक 29.8.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-3

# बास्केटबाल में वरिष्ठ शिक्षकों ने कनिष्ठ को हराया



हिसार/29 अगस्त/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबाल का सद्भावना मैच खेला गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं जबकि अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. आशा कवात्रा व गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर थे। डॉ. संजेश ने खेल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विश्वविद्यालय के प्रांगण में खेलों के प्रति रूचि पैदा होती है। खेलने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु तनाव से भी मुक्ति मिलती है। स्वस्थ समाज ही देश को आगे बढ़ने में सहायक होता है। उन्होंने खिलाड़ियों व दर्शकों से खेल के महत्व को सांझा करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कम से कम एक खेल को जरूर अपनाएं ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। इस बास्केटबाल मैच में वरिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से ऊपर) टीम ने कनिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से कम) की टीम को 12-6 के अंतर से पराजित किया। डॉ. किरण और डॉ. ज्योत्सना ने कुल 12 में से चार-चार अंक हासिल किए। डॉ. कृष्णा रोलानिया ने 5 अंक प्राप्त किए लेकिन अपनी टीम को जीत की ओर नहीं ले जा सकीं। इस अवसर पर डॉ. मंजू दहिया, डॉ. मंजू महत्ता, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. अपर्णा, दलजीत गिरधर, किशोर कुमार, दलजीत सिंह, सुंदर पाल मीर, रोहताश आर्य, पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कोच यशवंत सिंह सहित प्राध्यापक मौजूद रहे। वरिष्ठ शिक्षिकाओं में किरण, मीना, इंदु चौधरी, ज्योतसना, जितेश व वीना सांगवान तथा कनिष्ठ प्राध्यापकों की तरफ से कृष्णा, जयंती, ज्योतसना व पूनम ने बास्केटबाल प्रतियोगिता में भाग लिया। खेल आयोजक व बास्केटबाल के प्रभारी रमेश चौधरी ने आंगतुकों का स्वागत व धन्यवाद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नित्यशक्ति टाईम्स......

दिनांक ..29.8.2019.. पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ...1-4...

# खेलने से शरीर रहता स्वस्थ, तनाव रहता दूर : संजेश

हिसार, 29 अगस्त (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबॉल का सद्भावना मैच खेला गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं जबकि अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. आशा कवात्रा व गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर थे। डॉ. संजेश ने खेल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विश्वविद्यालय के प्रांगण में खेलों के प्रति रूचि पैदा होती है। खेलने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु तनाव से भी मुक्ति मिलती है। स्वस्थ समाज ही देश को आगे बढ़ने में सहायक होता है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों से खेल के महत्व को सांझा करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कम से कम एक खेल को जरूर अपनाएं ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सके। इस बास्केटबॉल मैच में वरिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से ऊपर) टीम ने कनिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से कम) की टीम को 12-6 के अंतर से पराजित किया। डॉ. किरण और डॉ. ज्योत्सना ने कुल 12 में से चार-चार अंक हासिल किए। डॉ. कृष्णा रोलानिया ने 5 अंक प्राप्त किए लेकिन अपनी टीम को जीत की ओर नहीं ले जा सकीं। इस अवसर पर डॉ. मंजू दहिया, डॉ. मंजू महत्ता, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. अपर्णा, दलजीत गिरधर, किशोर कुमार, दलजीत सिंह, सुंदर पाल मोर, रोहताश आर्य, पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कोच यशवंत सिंह सहित प्राध्यापक मौजूद रहे। वरिष्ठ शिक्षिकाओं में किरण, मीना, इंदु चौधरी, ज्योतसना, जितेश व वीना सांगवान तथा कनिष्ठ प्राध्यापकों की तरफ से कृष्णा, जयंती, ज्योतसना व पूनम ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक हिसार....
दिनांक ....29.8.2019.... पृष्ठ सं. ....4.... कॉलम ....6-8....

# हकृवि में खेल दिवस पर महिला प्राध्यापकों ने खेला सदभावना मैच



हिसार: 29 अगस्त चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबॉल का सद्भावना मैच खेला गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं जबकि अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. आशा कवात्रा व गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर थे।

**कुलपति प्रो. के पी सिंह की धर्मपत्नी डा. संजेश थी मुख्या तिथि**

डॉ. संजेश ने खेल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विश्वविद्यालय के प्रांगण में खेलों के प्रति रूचि पैदा होती है। खेलने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु तनाव से भी मुक्ति मिलती है। स्वस्थ समाज ही देश को आगे बढ़ने में सहायक होता है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों से खेल के महत्व को सांझा करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कम से कम एक खेल को जरूर अपनाएं ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सके। इस बास्केटबॉल मैच में वरिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से ऊपर) टीम ने कनिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से कम) की टीम को 12-6 के अंतर से पराजित किया। डॉ. किरण और डॉ. ज्योत्सना ने कुल 12 में से चार-चार अंक हासिल किए। डॉ. कृष्णा रोलानिया ने 5 अंक प्राप्त किए लेकिन अपनी टीम को जीत की ओर नहीं ले जा सकीं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय


समाचार-पत्र का नाम ....सिटी पल्स....

दिनांक ....29.8.2019.... पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-5....

**राष्ट्रीय खेल दिवस** हकृवि में महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबॉल का सद्भावना मैच का आयोजन

# खेलों से हमें तनाव से मिलती है मुक्ति : डॉ. संजेश

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर महिला प्राध्यापकों के बीच बास्केटबॉल का सद्भावना मैच खेला गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं जबकि अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. आशा कवात्रा व गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला ढांडा गेस्ट ऑफ ऑनर थे।



*हिसार। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेती खिलाड़ी।*

डॉ. संजेश ने खेल के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विश्वविद्यालय के प्रांगण में खेलों के प्रति रूचि पैदा होती है। खेलने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु तनाव से भी मुक्ति मिलती है। स्वस्थ समाज ही देश को आगे बढ़ने में सहायक होता है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों से खेल के महत्व को सांझा करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में कम से कम एक खेल को जरूर अपनाएं ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

इस बास्केटबॉल मैच में वरिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से ऊपर) टीम ने कनिष्ठ प्राध्यापकों (40 साल से कम) की टीम को 12-6 के अंतर से पराजित किया। डॉ. किरण और डॉ. ज्योत्सना ने कुल 12 में से चार-चार अंक हासिल किए। डॉ. कृष्णा रोलानिया ने 5 अंक प्राप्त किए लेकिन अपनी टीम को जीत की ओर नहीं ले जा सकीं।

इस अवसर पर डॉ. मंजू दहिया, डॉ. मंजू महत्ता, डॉ. सुशील लेगा, डॉ. अपर्णा, दलजीत गिरधर, किशोर कुमार, दलजीत सिंह, सुंदर पाल मोर, रोहताश आर्य, पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कोच यशवंत सिंह सहित प्राध्यापक मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...पंजाब केसरी...
दिनांक 29.8.2019 पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...1-2...

# एचएयू में कृषि मेला 11 व 12 सितम्बर को

हिसार, 29 अगस्त (निस): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 11-12 सितंबर को कृषि मेला (रबी) आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण (जनशक्ति फॉर जलशक्ति) होगा। उन्होंने बताया कि हर साल की भांति यह कृषि मेला विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर लगेगा जिसमें किसानों को विभिन्न रबी फसलों की पैदावार बढ़ाने की नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी मिलेगी। उनके अनुसार मेले में एक विशाल प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी जिसमें विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु ईजाद की गई नई तकनालोजी व उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में एग्रो-इंडस्ट्रीज व बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। उन्होंने लाभप्रद कृषि की आधुनिक तकनीकों व जल संरक्षण की जानकारी लेने के लिए किसानों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में भाग लेने की अपील की है। उधर, विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक एवं कृषि मेला के संयोजक डॉ. आर.एस. हुड्डा ने बताया कि मेले में किसानों को रबी फसलों व सब्जियों की विभिन्न उन्नत किस्मों के बीज, जैव उर्वरक तथा फलदार पौधों की नर्सरी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सह निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव के मुताबिक कृषि मेले में लगने वाली प्रदर्शनी में स्टॉलों की बुकिंग जारी है। उन्होंने बताया प्राईवेट कंपनियों को यह स्टाल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवंटित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कृषि मेले बारे विस्तृत जानकारी लेने के लिए किसान अपने जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं।